## सार-समाचार

### बाड़मेर में 7565 अपात्रों का गिवअप

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की ओर से गिवअप अभियान चलाया जा रहा है। इसकी समय सीमा 31 मई 2025 तक बढ़ाई गई है। जिला रसद अधिकारी कंवराराम ने बताया कि इस अभियान के दौरान बाड़मेर जिले में अब तक 7565 अपात्र व्यक्तियों ने स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ का परित्याग किया है। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा सूची में शामिल वे लाभार्थी जो स्वयं सक्षम हैं, लेकिन फिर भी योजना का गलत लाभ उठा रहे हैं, ऐसे 291 व्यक्तियों के विरुद्ध नोटिस जारी किए जा चुके हैं। वहीं 31 मई 2025 के बाद भी योजना का लाभ ले रहे अपात्र व्यक्तियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी और राशि वसूलने का अभियान भी चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि खाद्य विभाग के निर्देशों की पालना में जिले में कार्यरत प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षक की ओर से अपात्र व्यक्तियों का चिन्हिकरण किया जाकर इस अभियान के तहत गिवअप आवेदन प्राप्त कर संबंधित उपखंड अधिकारी अथवा रसद कार्यालय में प्रस्तुत कर खाद्य सुरक्षा योजना से पृथक करने के कार्य किया जा रहा है। साथ ही प्रवर्तन अधिकारी एवं निरीक्षक को प्रति सप्ताह इस अभियान के दौरान अपने क्षेत्र में प्रतिदिन में कम से कम पांच उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण कर रहे हैं एवं उचित मूल्य दुकानदार द्वारा पंजीकृत लाभार्थियों में से अपात्र लाभार्थियों का चिन्हिकरण कर उन्हें गिवअप करने के लिए प्रेरित कर रहे है।

### जन चेतना के लिए जागरूकता रैली

**बालोतरा,** (नि.सं.)। विश्व हाइपर टैंशन दिवस के अवसर पर शनिवार को चिकित्सा विभाग द्वारा जिले भर के चिकित्सा संस्थानों में हाइपर टैंशन स्क्रीनिंग कैम्प आयोजित किए। साथ जन चेतना के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वांकाराम चौधरी ने बताया कि वर्तमान समय में बदलती जीवन शैली और गलत खान पान से हाइपर टैंशन की बीमारी तेजी से बढ़ती जा रही है। इसकी रोकथाम और बचाव की जानकारी देकर जागरूक बनाने के लिए प्रति वर्ष 17 मई को हाइपर टैंशन दिवस मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर आज सभी आयुष्मान आरोग्य केंद्रों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और उप जिला, जिला अस्पताल में विशेष एनसीडी स्क्रीनिंग शिविर आयोजित किए गए। सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी ने शहरी अस्पताल में आयोजित स्क्रीनिंग शिविर का निरीक्षण किया और प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल की ओपीडी में आने वाले सभी 30 प्लस आयु वर्ग के लोगों की बीपी शुगर की जांच आवश्यक रूप से करने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि शिविर में बीपी शुगर की जांच कर इसकी एंट्री एनसीडी पोर्टल पर आवश्यक रूप से अपलोड करनी है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. वांकाराम चौधरी, डिप्टी सीएमएचओ, डीपीओ विजय सिंह सहित अधिकारीगण एवं स्टॉफ मौजूद रहे।

### चीन, तुर्किए व अजरबैजान का बहिष्कार

**जोधपुर,** (कासं)। न्यू पावर हाउस रोड, कमला नेहरू कॉलोनी गेट के बाहर स्थित मार्केट के सामने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच द्वारा देश हित एवं पाकिस्तान की मदद करने वाले चीन, तुर्किया एवं अजरबैजान निर्मित सभी वस्तुओं का बहिष्कार करते हुए सामानों की होली जलाई गई। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के महानगर प्रभारी घनश्याम दास वैष्णव ने बताया कि हर संकट के समय भारत से मदद प्राप्त तुर्क्‍राय एवं अजरबैजान ने विश्वासघात करते हुए पाकिस्तान का पूरा सहयोग किया व हथियार दिए गए। भारत तिब्बत सहयोग मंच के जोधपुर महामंत्री विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि अब सभी देशवासी असलियत जान चुके है। इन देशों से ना अब कोई व्यापार होगा और ना ही इन देशों के पर्यटन स्थलों पर कोई भारतीय जाएगा। अब इन देशों का संपूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के महानगर प्रभारी एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच के जिलाध्यक्ष घनश्याम दास वैष्णव, मंच के महामंत्री विक्रम सिंह चौहान, अम्बालाल सैन, सूरज सिंह सोलंकी, टीकम चंद गौड़, दिलीप सिंह लाम्बा, हीरालाल चांवरिया, बजरंग लाल गुर्जर, श्याम सिंह, गौतम सैन सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### आयुर्वेद वि.वि. में विशिष्ट व्याख्यान हुआ

**जोधपुर,** (कासं)। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलगुरु प्रोफेसर (वैद्य) प्रदीप कुमार प्रजापति के निर्देशन में सेंटर फॉर ह्यूमन रिसोर्स डेवलपमेंट द्वारा आयोजित कंटिन्युईंग कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (सीसीबीपी) के अंतर्गत शनिवार को पीजीआईए, जोधपुर के सेमिनार हॉल में ज्ञानवर्धक सत्रों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर गोविंद सहाय शुक्ल, विभागाध्यक्ष, स्नातकोत्तर विभाग, रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना, पीजीआईए, जोधपुर के आत्मदीपो भव विषय पर व्याख्यान से हुआ। इसके पश्चात प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस डॉ. अनिल कुमार द्वारा क्लीनिकल ट्रायल्स विषय पर व्याख्यान दिया गया। उन्होंने नैदानिक परीक्षणों की वैज्ञानिकता, वर्तमान चुनौतियों और आयुर्वेद में इनकी प्रासंगिकता पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। सी एच आर डी निदेशक डॉ राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि इन व्याख्यानों के दौरान विश्वविद्यालय के आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी एवं योग नेचुरोपैथी महाविद्यालय के समस्त संकाय सदस्य एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी ऑफलाइन, ऑनलाइन उपस्थित रहे।

### 'सिंह पर गिल के आरोप निराधार'

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। भाजपा नेता कंवराजसिंह ने पूर्व एसडीएम पोकरण प्रभजोत सिंह गिल को कांग्रेस विचारधारा का बता कर कहा है कि गिल द्वारा पूर्व में पोकरण एसडीएम पद पर रहते हुए मतदाता सूचियों में घोटाला किया, उस दौरान सरकार द्वारा गिल को एपीओ किया गया था। सिंह ने बताया कि जैसलमेर वासी पिछले डेढ़ वर्ष देख रहे है कि जिला कलेक्टर प्रतापसिंह ईमानदारी से राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम छोर तक बसे जरूरतमंदों रहवासियों को दिला रहे हैं। कांग्रेस विचारधारा से पोकरण के पूर्व एसडीएम सोशल मीडिया के माध्यम के जरिए कलेक्टर प्रतापसिंह पर निराधार आरोप लगा रहा है सिंह ने बताया कि गिल राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पर भी निराधार आरोप लगा रहा है मेरा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से निवदेन है कि गिल द्वारा की जा रही गलती को उचित दंड दिया जाए और ईमानदार जिला कलेक्टर की कर्तव्य निष्ठता पर उन्हें शाबाशी दे कर जैसलमेर की जनता का भला करें।

### राजस्व ग्राम की अधिसूचना निरस्त

**जोधपुर,** (कासं)। राजस्थान उच्च न्यायालय ने ग्राम पंचायत उम्मेद नगर पंचायत समिति तिंवरी से नव प्रस्तावित खुशहाल नगर नामक नवीन राजस्व ग्राम की स्थापना से संबंधित अधिसूचना को निरस्त कर दिया गया है। यह निर्णय भूरा राम और श्याम लाल द्वारा दायर याचिका पर न्यायाधीश दिनेश मेहता की कोर्ट ने पारित किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता मोती सिंह ने तर्क प्रस्तुत किया कि खुशहाल नगर नाम एक विशेष व्यक्ति सरपंच के ससुर के नाम पर रखा गया है, जो नियमों के विपरीत है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने पूर्व में पारित निर्णयों, के आधार पर यह व्यवस्था दी। न्यायालय ने उक्त अधिसूचना को रद्द करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह विधि के अनुसार किसी अन्य नाम से राजस्व ग्राम की स्थापना की कार्यवाही शुरू कर सकती है। साथ ही यह स्पष्ट किया गया कि अधिसूचना के रद्द होने से राजस्व ग्राम की स्थापना की नई प्रक्रिया शुरू करने की आवश्यकता नहीं होगी, केवल नाम परिवर्तन की प्रक्रिया ही अपनाई जाएगी।

### हॉर्स राइडिंग समर कैम्प 21 से

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, ऑल इण्डिया महाराजी हॉर्स सोसायटी व एसएसके राइडिंग क्लब के तत्वावधान में तीस दिवसीय तिसरा हॉर्स राइडिंग समर कैम्प 21 मई से 21 जून तक महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, लेफ्टिनेंट जनरल एवीएम एचएच महाराजा उम्मेद सिंह एयरपोर्ट रोड पाबूपुरा पर आयोजित होगा। कैम्प का शुभारम्भ सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत की अध्यक्षता में होगा। मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि हॉर्स राइडिंग समर कैंप का आयोजन तीसरी बार किया जा रहा है। इस कैम्प का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय एन्डयोरेन्स स्तर प्रतियोगिताओं के लिए प्रशिक्षित करना है। इस कैम्प के माध्यम से घुड़सवारी, शो जम्पिंग, ड्रेसाज, टेन्ट पैगिंग, घुड़ सवारी के खेल का आयोजन करना व प्रतियोगिताएं कराना, सभी वर्गों में इक्वेस्ट्रियन खेलों में रूचि बढ़ाना है। समर कैम्प में घुड़सवारी व इससे संबंधित सभी खेलों की जानकारी दी जाएगी ताकि इनके प्रति रुचि बढ़ाई जा सके।

# मंत्री जोराराम कुमावत घटिया सड़क निर्माण देख खफा हुए

**पाली,** (नि.सं.)। पाली जिले के दौरे पर पहुंचे पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को ग्राम गुंदोज से डेण्डा तक सड़क निर्माण कार्य का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री को निर्माण कार्य की स्थिति घटिया मिली। निर्माण सामग्री की गुणवत्ता मानक विहीन पाई गई।

दरअसल पाली के सर्किट हाउस में जनसुनवाई के बाद मंत्री जोराराम कुमावत अपने विधानसभा क्षेत्र सुमेरपुर के लिए निकले थे ग्राम गुंदोज के पास पहुंचे तो यहां कुछ दिन पहले ही सड़क का काम हुआ था। मंत्री ने इस सड़क का निरीक्षण किया और असंतुष्ट नजर आए। मंत्री ने सड़क के निर्माण की एक-एक बिंदु पर जानकारी ली। करीब 30 मिनट के निरीक्षण के दौरान मंत्री ने जब सड़क निर्माण में प्रयुक्त हुई सामग्री को देखा तो बेहद खफा हो गए। कार्य की काफी विलंब से होना पाया गया। इस पर नाराज मंत्री ने दो टूक कह दिया कि कार्य की गुणवत्ता में कोई गड़बड़ी मिली तो संबंधित ईजीनियर व ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

जोराराम कुमावत ने सड़क निर्माण में देरी होने पर नाराज मंत्री ने पीडब्ल्यूडी के संबंधित अधिकारी को फोन पर ही जमकर लताड़ लगाते हुए मामले की जांच कर ठेकेदार पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने इस संबंध में पाली जिला कलेक्टर को भी विभागीय जांच के लिए कहा। कुमावत ने बताया कि करीब दो साल पहले डीएमएफटी में ग्राम गुंदोज से ग्राम डेण्डा तक कुल सात किमी. सड़क स्वीकृत हुई थी। इसके निर्माण के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कार्य आदेश गुरु कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। इस फर्म ने निर्धारित समय में कार्य पूरा नहीं किया है। अब भी सड़क का अधिकतर हिस्सा डब्ल्यूबीएम यानी मिटटी एवं ठोवल से बना हुआ है। केवल डेढ किमी. में ठेकेदार ने तीन दिन पहले ही डामरीकरण किया था। इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही अधिक होने के बावजूद ठेकेदार ने कार्य गुणवत्तापूर्ण नहीं किया, जिसके चलते सड़क टूटना शुरू हो गई है।



पाली जिले के दौरे पर पहुंचे पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत ने ग्राम गुंदोज से डेण्डा तक सड़क कार्य में घटिया सामग्री देख नाराजगी जताई। फोटो-राष्ट्रदूत

मंत्री कुमावत ने जिला कलेक्टर, पाली को पत्र लिखकर सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के लिए कहा है।

उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी मामले से अवगत कराते हुए मामले की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करवाने का आग्रह किया है।

# पाली में जोराराम कुमावत ने जनसुनवाई की

**पाली,** (नि.सं.)। पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत अपने दो दिवसीय प्रवास के तहत पाली पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में मैराथन जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी करीब 250 से अधिक परिवेदनाएं प्राप्त हुईं।

उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इससे पहले सर्किट हाउस पहुंचने पर पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार आमजन की समस्याओं के समयबद्ध और त्वरित निस्तारण के प्रति संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार जनसुनवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन की सरकार और भाजपा जनसेवा को समर्पित है। भाजपा का कार्यकर्ता सही मायनों में आमजन के सुख-दुःख का भागीदारी बनता है।

उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रत्येक प्रकरण को संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से निस्तारित करवाया जाता है। निस्तारण का फीडबैक भी लिया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर भी नियमित रूप से आमजन के बीच जाता हूं। सुमेरपुर में आवास के साथ-साथ भाजपा कार्यालयों में भी जनसुनवाई की यह व्यवस्था की गई है। आमजन को अधिक से अधिक राहत मिले, यही इसका मुख्य उद्देश्य है। जनसुनवाई के दौरान पानी, बिजली, सड़क निर्माण सहित आमजन से जुड़े विभिन्न विषयों के प्रकरण सर्वाधिक प्राप्त होते है, जिनके संबंध में कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है।

इस दौरान उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद की विचारधारा के साथ कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता बहुत विश्वास और अपेक्षा के साथ चुनकर भेजती है। हमको उनका सहभागी बनकर उनकी अपेक्षाओं पर खरा उतरना है। कुमावत ने आगे कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को दिलाने की प्रमुख जिम्मेदारी हमारी है। इसी के तहत राजधानी जयपुर में सरकारी आवास पर भी आमजन की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जाता है।

केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत पाली के बाद जिले के कई गांवों में पहुंचे जहां फूल मालाएं पहनाकर, साफा बांधकर अभिनंदन किया गया। उन्होंने सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव रूपावास, भांवरी, ढोला में वैवाहिक व सामाजिक कार्यक्रमों में सहभागिता की।

इसी तरह गांव दयालपुरा, मांदड़ी, रामपुरा की ढाणी, ऐंदलावास, लापोद में आयोजित शोक सभाओं में शिरकत कर शोकाकुलों को ढांढस बंधाया।

# शिविर में रक्तचाप की जांच



जालोर के राजकीय चिकित्सालय में एन.सी.डी. शिविर का आयोजन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। अंतरराष्ट्रीय विश्व रक्तचाप दिवस पर सामान्य चिकित्सालय जालोर में शनिवार को एनसीडी क्लीनिक जिला चिकित्सालय जालोर की ओर से राष्ट्रीय मधुमेह, हृदय रोग, पक्षाघात बचाव नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत रक्तचाप निशुल्क जांच शिविर का आयोजन प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश मीणा की मौजूदगी में किया गया। शिविर में 125 मरीजो के उच्च रक्तचाप की जांच कर उन्हें परामर्श दिया गया।

कार्यक्रम संयोजक शहजाद खान सीनियर नर्सिंग ऑफिसर ने बताया कि विश्व उच्च रक्तचाप दिवस के अवसर पर सामान्य चिकित्सालय में चिकित्सा शिविर आयोजित कर 125 मरीजों के उच्च रक्तचाप की जांच की गई और लोगों को उच्च रक्तचाप के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस अवसर पर एन सी डी नोडल अधिकारी डॉ. विजय मीणा ने कहा कि उच्च रक्तचाप से लकवा, ब्रेन हेमरेज, स्ट्रोक सहित कई तरह की तकलीफ हो सकती है। इसलिए अपने उच्च रक्तचाप को नियमित डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए और इसका नियमित इलाज लेना चाहिए।

इसके अलावा उन्होंने उच्च रक्तचाप के रोकथाम बचाव के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एनसीडी क्लीनिक जालोर द्वारा चिकित्सालय में आने वाले मरीजों को पम्पलेट वितरण कर उच्च रक्त चाप के बारे में जागरूक किया गया।

शिविर में सामान्य चिकित्सालय जालोर से डा.विजय मीणा, डॉ. स्वरूप सुथार, सीनियर नर्सिंग ऑफिसर शहजाद खान, नर्सिंग ऑफिसर रमेश कुमार चितारा, नर्सिंग छात्र छात्राएं ममता धायल, मनीषा झांझडीया, लिच्छू, श्रेयांश सांगावत, मनोहर, पूजा डुडी, सीमा, कंप्यूटर ऑपरेटर हितेश कुमार ने अपनी सेवाएं दी। निशुल्क जांच शिविर में चिकित्सालय में आने वाले 30 वर्ष से अधिक लोगों के उच्च रक्तचाप की जांच की गई।

इस अवसर पर नर्सिंग अधीक्षक विशनाराम गर्ग, हजाराम सुनदेशा, चंपालाल परिहार, गुप्तेश कुमार, जेताराम, दयाराम, छगनलाल, राघे श्याम, हस्तांराम, भंवरलाल, भभूता राम, दिनेश कुमार, पप्पु राम सहित मौजूद थे।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**जालोर,** (कासं)। भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जालोर जिला मुख्यालय पर शनिवार शाम 5 बजे तिरंगा यात्रा का आयोजन मलकेश्वर मठ जालोर से किया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा के नेता हाथ में तिरंगा लिये नजर आये।

भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने बताया कि तिरंगा यात्रा को लेकर जिला संयोजक भूपेंद्र देवासी व सहसंयोजक सुरेश सोलंकी को जिम्मेदारी सौपी गई। जिला मुख्यालय से तिरंगा यात्रा निकाली गई।

तिरंगा यात्रा में भाजपा के जिलाध्यक्ष जसराज पुरोहित, सांसद लुम्बाराम चौधरी, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित व आहोर के पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित हाथ में तिरंगा लेकर भारतीय सेना के शौर्य को सलामी दी। पहलगांव हमले के बाद भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर जिस प्रकार से हमला कर पाकिस्तान के कई ठिकानो को उड़ाने व कब्जा जमाने पर भारतीय सेना के शौर्य को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली गई। गजेन्द्रसिंह सिसोदिया, सह संयोजक उदयसिंह दादाल, पूर्व प्रधान सायला रामप्रकाश चोधरी, उम्मेदाबाद मंडल अध्यक्ष उत्तमचन्द गर्ग, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रेमाराम देवासी, जिलामंत्री भूरसिंह देवकी उम्मेदाबाद पूर्व मंडल अध्यक्ष गणपत सिंह बगडीया महेंद्र सिंह भागली दिनेश महावर अमन मेहता संजय बोराणा हीराराम देवासी मदन जैन योगेश खत्री सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। तिरंगा यात्रा मलकेश्वर मठ से रवाना होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गुजरी। तिरंगा यात्रा का जगह जगह लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

## विश्नोई आज बाड़मेर के दौरे पर

**बाड़मेर,** (नि.सं.)। उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई रविवार को बाड़मेर जिले के दौरे पर आऐंगे। इस दौरान राज्य मंत्री विश्नोई विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई रविवार को प्रातः 11:30 बजे आहोर-जालोर से प्रस्थान कर दोपहर 12:30 बजे गुड़ामालानी पहुंचेंगे। जहां वे विधानसभा क्षेत्र गुड़ामालानी में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर शहर के जोजरी नदी पुल पर कार चालक ने बाइक सवार दो भाईयों को अपनी चपेट में ले लिया।

हादसे में एक भाई की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया।

इस बारे में बनाड़ थाने में रिपोर्ट दी गई। बनाड़ पुलिस ने बताया कि आसरनाडा डांगियावास निवासी हेमसिंह पुत्र भंवरसिंह ने रिपोर्ट दी कि वह अपने भाई के साथ बाइक पर सवार होकर जोजरी नदी पुल से निकल रहा था। तब एक कार के चालक ने उन्हें चपेट में ले लिया। जिससे दोनों भाई घायल हो गए। अस्पताल में उसके भाई की मौत हो गई।

बनाड़ पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द किया। कार नंबर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है।


नोटिस तारीख पेशी

न्यायालय : सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) आहोर जिला -जालोर (राज.)

बगदाराम बनाम देवाराम व अन्य

प्रकरण संख्या : राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या : 63/2021

बाबत् प्रार्थना पत्र अ/ धा 212 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम बाबत् अस्थाई निषेधाज्ञा

बनाम् देवाराम पुत्र सोनाजी ओसवाल, जाति कुम्हार निवासी बावडी तहसील भाद्राजून, जिला जालोर (राजस्थान) दरिया देवी पुत्री देवाराम ओसवाल पत्नि बाबूलाल, जाति कुम्हार, निवासी बावडी हाल काकराला वाया पारलाउ, तहसील पचपदरा, जिला बाडमेर (राजस्थान) भाटिया देवी पुत्री देवाराम ओसवाल पत्नि शंकरलाल, जाति कुम्हार निवासी बावडी, हाल नवा लेटा, तहसील व जिला जालोर (राजस्थान) पुरिया देवी पुत्री देवाराम ओसवाल पत्नि मदनलाल, जाति कुम्हार निवासी बावडी, हाल मणीयारी, तहसील पाली जिला पाली (राजस्थान) जरिये नोटिस आपको सुचना दी जाती है कि उपरोक्त अनवान प्रकरण मे सुनवाई वास्ते दिनांक 25/06/2025 नियत है।

दिनांक 16 माह 05 वर्ष 2025

मोहर सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) आहोर जिला -जालोर (राज.)


## जोधपुर में तिरंगा यात्रा आज

**जोधपुर,** (कासं)। भारतीय सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा देशभर में तिरंगा यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया है।

इसी क्रम में भाजपा जोधपुर शहर एवं ग्रामीण जिलों की संयुक्त तिरंगा यात्रा 18 मई को शाम सवा चार बजे जालोरी गेट चौराहा से आरंभ होगी। यात्रा का मार्ग बालवाड़ी स्कूल, खांडा फलसा, आड़ा बाजार, सर्राफा बाजार, त्रिपोलिया बाजार से होते हुए नई सड़क चौराहा तक रहेगा। तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन के भाजपा जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष राजेन्द्र पालीवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा व्यापारी व आमजन को पीले चावल बांटकर तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया जा रहा है। साथ ही सभी बारह मण्डलों के अध्यक्षों द्वारा मण्डल क्षेत्र में जाकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक आयोजित की यात्रा में सम्मिलित होने की रणनीति बनाई गई। जिसमें सभी मण्डलों द्वारा अपने मण्डल कार्यालय से रैली के रूप में जालोरी गेट पहुंचेंगे।

भाजपा संभाग मीडिया संयोजक जगदीश धाणदिया ने बताया कि तिरंगा यात्रा में सम्मिलित होने के लिये आमजन में भारी उत्साह है साथ ही विभिन्न सामाजिक, व्यावसायिक, उद्योग सहित अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि यात्रा में सम्मिलित होंगे और यात्रा का प्रतिनिधित्व करने के लिये इनकी ओर से झांकी को भी यात्रा में सम्मिलित किया गया।

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर सैनिकों के पराक्रम व शौर्य को उत्सव के रूप में मनाने के लिए जोधपुर क्षेत्र के साधु, संत, महंत और धार्मिक संस्थाओं के अध्यक्ष भी इस तिरंगा यात्रा में शामिल होंगे।

# क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**आहोर,** (निसं)। कुमावत शिक्षण एवम सामाजिक संस्थान आहोर द्वारा कुमावत, कुम्हार, प्रजापत समाज आहोर 2025 रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ सुखदेव भारती व गोविन्द वल्लभदास महाराज श्रीपति धाम नंदनवन के सानिध्य में मुख्य अतिथि छगनसिंह राजपुरोहित विधायक आहोर द्वारा 18 मई को होगा। संस्थान अध्यक्ष हेमताराम प्रजापत ने बताया की इस रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता 2025 मे कुमावत, कुम्हार, प्रजापत के आल राजस्थान के खिलाडी शामिल हो रहे हैं। प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है।

## आत्महत्या की

**जोधपुर,** (कासं)। मथानिया तिंवरी के एक निजी अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ के रूप में कार्यरत युवक ने महिला वार्ड में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या की।

पुलिस ने बताया कि सरनऊ तहसील सांचोर जिला जालोर निवासी नरेश पुत्र मकनाराम ने फंदा लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही मथानिया थानाधिकारी जयकिशन सोनी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

इसके बाद एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। कुछ समय बाद युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंचे और थाने में मर्ग दर्ज करवाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


विवाधको के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

अदालत : सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) आहोर जिला -जालोर (राज.)

पीठासीन : श्री सावरमल रेगर (आर.ए .एस)

वादी :बगदाराम प्रतिवादी देवाराम व अन्य

वाद वास्ते : दावा बाबत् खातेदारी हक घोषणा, बंटवाडा व स्थाई निषेधाज्ञा

वाद संख्या : राजस्व वाद 74 / वर्ष 2021

प्रतिवादी

देवाराम पुत्र सोनाजी ओसवाल, जाति कुम्हार निवासी बावडी, तहसील भाद्राजून, जिला जालोर (राजस्थान) दरिया देवी पुत्री देवाराम ओसवाल पत्नि बाबूलाल, जाति कुम्हार, निवासी बावडी हाल काकराला वाया पारलाउ, तहसील पचपदरा, जिला बाडमेर (राजस्थान) . भाटिया देवी पुत्री देवाराम ओसवाल पत्नि शंकरलाल, जाति कुम्हार, निवासी बावडी हाल नवा लेटा, तहसील व जिला जालोर (राजस्थान) पुरिया देवी पुत्री देवाराम ओसवाल पत्नि मदनलाल, जाति कुम्हार निवासी बावडी, हाल मणीयारी, तहसील पाली जिला पाली (राजस्थान) कि बगदाराम ने आपके खिलाफ एक दावा बाबत् खातेदारी हक घोषणा , बंटवाडा व स्थाई निषेधाज्ञा आपके विरुध प्रस्तुत किया है लिहाजा आपका इस नोटिस के जरिऐ सुचना दी जाति है कि आप दिनांक 25/06/2025 को दिन के 10:00 बजे न्यायालय मे व्यक्तिगत रुप से या अपने किसी प्रतिनिधि के माध्यम से इस वाद के सम्बन्ध मे तथ्यो से भिज्ञ हो व वाद के सम्बन्ध मे पुछे जाने वाले प्रशनो का उत्तर दे सके उपस्थित आवे व साथ ही दिन दस्तावेजो पर आप अपनी प्रतिरक्षा को स्थापित करना चाहते है उन्हे भी उसी रोज आपको ज्ञान रहे की आप या आपके प्रतिनिधि की उपस्थिति के अभाव मे उक्त अनवान वाद आपकी अनुपस्थिति मे सुना व निर्णिय किया जावेगा। यह सुचना मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 16/07/25 को जारी किया गई।

मोहर सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) आहोर जिला -जालोर (राज.)


# रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स का प्रतिनिधि मंडल रवाना



जालोर रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स का प्रतिनिधि मंडल आरसीसी कॉन्फ्रेंस के लिए गुजरात रवाना हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। देसाई ऑडिटोरियम आर्ट्स कॉलेज कडी गुजरात में होने वाली आरसीसी कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए रोटरी कम्युनिटी कॉर्प्स जालोर का एक प्रतिनिधि मंडल शनिवार को रवाना हुआ।

इस प्रतिनिधिमंडल में आरसीसी सीनियर सिटीजन जालोर के अध्यक्ष नारायण भट के नेतृत्व में वरिष्ठजन नैना राम सुंदेशा, जगदीश प्रसाद दवे, पी एल सोनगरा, अम्बा लाल सुंदेशा, मुकेश खंडेलवाल एवं रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3055 जनरल सैक्रेटरी कानाराम परमार के नेतृत्व में रोटरी क्लब जालोर के अध्यक्ष संजय सुंदेशा, सचिव सीए जीशान अली संयुक्त रूप से शामिल होने के लिए रवाना हुए। सम्मेलन ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा कार्यों को सशक्त करने, आरसीसी की गतिविधियों की समीक्षा तथा विभिन्न जिलों के अनुभवों को साझा करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। रोटरी क्लब जालोर एवं आरसीसी जालोर को इस प्रतिष्ठित कार्यक्रम में भाग लेने पर गर्व है, और आशा है कि यह सहभागिता आने वाले समय में सामाजिक कार्यो को और अधिक प्रभावशाली बनाएगी।


कार्यालय नगर परिषद जालोर (राजस्थान)

(अस्पताल चौराहा, जोधपुर रोड, जालोर -343001)

Tel. (02973) 222270 E-mail : mbjalore24@yahoo.in

क्रमांक:- नपजा/राजस्व/2025/1192 दिनांक : 12/05/2025

॥ आपत्ति विज्ञप्ति ॥

श्रीमती निरमा कुमारी पत्नी श्री गणपतलाल, जाति - लौहार, निवासी - कुम्हारों का वास, जालोर ने एक भुखण्ड / मकान के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भुखण्ड जालोर शहर के खसरा सं -1968 बनाम ज्योतिबा फुले नगर सरुपरा रोड पर स्थित जालोर में मेरा एक भूखण्ड आया हुआ है, जिसका पट्टा (लीजडीड सं.-59/2006-07, दिनांक 17.03.2007) को श्रीमती पीया देवी पत्नी वीसारामजी मेघवाल के नाम से कार्यालय नगर पालिका, जालोर द्वारा जारी किया गया है। तत्पश्चात् श्री वीसाराम पुत्र भगाराम व बहैसियत मुख्तयार श्रीमती पीया देवी पत्नी वीसाराम द्वारा बैचान श्रीमती रहीसा बानो पत्नी बरकत खां को बेचान किया गया। रहीसा बानो द्वारा बैचान निरमा कुमारी पत्नी गणपतलाल को उक्त आवासीय प्लॉट सं. 109 का पश्चिमी हिस्सा बैचान किया गया। तत्पश्चात रहीसा बानो ने प्लॉट सं. 109 का पूर्वी हिस्सा श्री किरण कुमार पुत्र प्रकाश को बेचान किया गया। श्री किरण कुमार ने निरमा कुमारी पत्नी गणपतलाल को बेचान किया। प्रार्थी ने अपने नाम से नामांतरण चाहा गया है। उक्त आवासीय प्लॉट संख्या 109 का क्षैत्रफल 2275 वर्गफीट एव पडौस एवं चतुर्सीमा निम्न प्रकार है -.

उत्तर :- आम रास्ता, यह भुजा 50 फीट है।

दक्षिण :- प्लॉट संख्या -108, यह भुजा 41 फीट है।

पूर्व :-आम रास्ता, यह भुजा 50 फीट है।

पश्चिम :- प्लॉट संख्या - 110, यह भुजा 50 फीट है।

अतः सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज साक्ष्य सहित निम्नहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी। इस प्रकरण से संबंधित प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय के दौरान इस कार्यालय के राजस्व अनुभाग में आकर किया जा सकेगा।

अवगत रहें। आयुक्त, नगर परिषद, जालोर